दिन– सोमवार

दिनांक– 25 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा में बार–बार हो रही चूक पर चिंता जताई है। न्यायालय ने कहा कि यह दुख की बात है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पिछले पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं सीखा है। न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनटीए और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों से उन याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए जांच एजेंसी की जगह किसी ज़्यादा मज़बूत और स्वायत्त संस्था को लाने की मांग की गई है। न्यायालय ने एजेंसी को बृहस्पतिवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

---

वार्षिक हज यात्रा के लिए भारत सहित दुनिया भर से लाखों जायरीन सऊदी अरब के मिना में इकट्ठा हो रहे हैं। पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा शुरू कर रहे जायरीन मिना की टेंट–सिटी में आज इकट्ठा हो रहे हैं। वे वहाँ रात बिताएंगे और कल तडके अराफ़ात के मैदान की ओर बढ़ेंगे, जहाँ वे हज के मुख्य अनुष्ठान में भाग लेंगे। इस वर्ष हज यात्रा में बिहार के दो हजार पांच सौ बावन हज यात्री समेत देशभर के लगभग एक लाख पचहत्तर हज़ार यात्री भाग ले रहे हैं। केन्द्र सरकार ने सुचारू, सुरक्षित और आरामदायक हजयात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किये है। हज सुविधा मोबाइल ऐप के माध्यम से भारतीय श्रद्धालुओं को जानकारी और शिकायत दर्ज कराने की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

---

तेल विपणन कम्पनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की है। पेट्रोल दो रुपये इकसठ पैसे और डीजल दो रुपये इकहत्तर पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। पिछले दो सप्ताह में तेल के मूल्यों में चौथी बार वृद्धि हुई है।

पटना में पेट्रोल एक सौ तेरह रुपये पैंतीस पैसे और डीजल निन्यानवे रुपये छत्तीस पैसे प्रतिलीटर हो गया है।

———————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को अंतर्राष्ट्रीय स्थिति का परिणाम बताया है। डॉक्टर कुमार ने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर बनाये हुए है और जल्द ही इसपर नियंत्रण कर लिया जायेगा। उन्होंने लोगों से ईंधन की बचत करने की अपील की।

———————————————————————————

बिहार विधानमंडल ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए पटना के विभिन्न हिस्सों से बस सेवा की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल–डीजल बचाने की अपील के अनुरूप नई व्यवस्था शुरू की गयी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज विधानमंडल परिसर से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————————

राज्य के दक्षिणी भागों में भीषण गर्मी और उत्तरी भागों में आंधी बारिश की स्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और गया समेत दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भाग में लू चलने की लू चलने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान गया और रोहतास जिले में हॉट डे का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में आंधी–बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात हो सकता है।

———————————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर गांव में नदी में डूबने से एक युवती की मौत हो गई।

———————————————————————————

नवादा के पुलिस केन्द्र के पास गया–नवादा रोड पर एक तेज रफ्तार ई–रिक्शा की टक्कर से सड़क पार कर रहे पुलिस के एक सौ बारह वाहन के चालक की मौत हो गई।

———————————————————————————

गया जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीपरपाती इलाके में पूर्व सांसद रंजीत सिंह आवासीय परिसर में ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। छापेमारी में कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज और संदिग्ध दवाओं के पैकेट बरामद किये गए।

———————————————————————————

समाप्त